51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.2°c | अधिकतम 38.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:18, सूर्यास्त : 7:18 | वर्ष : 51/ अंक : 159 | शनिवार, 10 जून 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जिंदगीभर याद रहता है मुश्किल में साथ देने वाला और साथ छोड़ने वाला भी...।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

शेर दहाड़ कर चला गया और यह गीदड़ हुआँ-हुआँ करने में लगे हैं : सुप्रिया श्रीनेत



शेर चला गया.....
मोहब्बत की दुकान का क्या होगा?......

# पांच साल तक चालान न भुगतने वालों की मौज्जां ही मौज्जां

- लंबे समय से न्यायालयों में चालान का निस्तारण नहीं होने के कारण सरकार ने लिया बड़ा फैसला
- प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने जारी किया आदेश, पांच साल की अवधि वाले सभी चालान हुए निरस्त
- 1 जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 के बीच मुजफ्फरनगर में भी काटे गये हैं कई लाख चालान
- ई-चालान पोर्टल से डिलीट करने के लिए आरटीओ विभाग ने सम्बंधित कोर्ट से किया सम्पर्क

**मुजफ्फरनगर, 09 जून (बु.)।** लगातार पांच साल तक ट्रेफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों वाहन मालिकों की मौज्जां ही मौज्जां हो गई हैं। सरकार ने लंबित चालानों की संख्या को देखते हुए 2017 से लेकर 2021 तक काटे गये तमाम चालानों को निरस्त करने के आदेश दिये हैं। ऐसे में चालान का भुगतान करने वाले वाहन मालिक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। कोर्ट में निरस्त हुए इन सभी चालानों को अब ई पोर्टल से डिलीट किया जायेगा। आरटीओ विभाग अब सम्बंधित कोर्ट से सम्पर्क कर इसकी कवायद में जुट गया है।


जून माह पिछले सालों में ट्रेफिक नियमों की खिल्ली उड़ाने वालों के लिए राहत लेकर आया है। दरअसल, प्रदेश के परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह ने संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि न्यायालय में उपसमित वादों की सूची प्राप्त कर इन चालानों को पोर्टल से डिलीट कर दिया जाएं। आदेश के मुताबिक, एक जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 की अवधि में काटे गए चालानों को निरस्त किया जा रहा है। परिवहन आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 2 जून 2023 के माध्यम से यह व्यवस्था लागू की गई है कि पुराने लंबित चालान निरस्त करा दिए जाएं। यह उन वाहन चालकों के लिए खुशखबरी है जिनके अलग-अलग ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में चालान काटे गये थे। ऐसे में 1 जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 के बीच उत्तर प्रदेश में जितने भी वाहनों के चालान काटे गये थे। उन सभी चालानों को निरस्त कर दिया गया हैं। यह भी कहा जा रहा है कि नोएडा में किसान इस तरह से चालान को निरस्त करने की मांग करते हुए धरना दे रहे थे। योगी सरकार की इस सौगात से कई साल तक चालान न भुगतने वालों की तो बल्ले-बल्ले हो गई है। क्योंकि उन्हें अब चालानों का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। इस फैसले से जहां करोड़ों रुपये के राजस्व की सरकार को हानि हुई है, वहीं उन लोगों में जरूर बैचेनी देखी गयी है, जिन्होंने इस अवधि के चालानों का भुगतान कर दिया था। हालांकि इस मामले में एआरटीओ प्रशासन विश्वजीत प्रताप सिंह का कहना है कि परिवहन आयुक्त के आदेश के अनुपालन में इस अवधि के निरस्त हुए चालानों के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है। ताकि ई पोर्टल से उन्हें हटाया जा सके।



## उत्तर प्रदेश में पांच साल के ट्रैफिक चालान निरस्त, योगी सरकार ने दी बड़ी सौगात, सभी वाहनों पर होगा लागू

**लखनऊ, 9 जून (एजेंसी)।** योगी सरकार ने प्रदेश के निजी और कामर्शियल वाहन स्वामियों को बड़ी सौगात दी है। योगी सरकार ने यूपी में लंबे समय से वाहन चालान का भुगतान न करने वाले मालिकों को रियायत देते हुए उनका चालान निरस्त कर दिया है। सीएम योगी के इस फैसले से प्रदेश के लाखों वाहन मालिकों ने राहत की सांस ली है। यह उन वाहन चालकों के लिए खुशखबरी है जिनके अलग-अलग ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में चालान काटे थे। ऐसे में जितने भी उत्तर प्रदेश में 1 जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 के बीच चालान काटे गये हैं। उनके सभी चालान निरस्त कर दिए गए हैं। साथ ही जो विभिन्न न्यायालयों में लंबित है। यह सभी वाहनों पर लागू होते हैं।

परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने सभी संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि न्यायालय में उपसमित वादों की सूची प्राप्त कर इन चालानों को पोर्टल से डिलीट कर दिए जाएं। यूपी सरकार के इस कदम से बाकी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। शासन की ओर से इस संबंध में निर्देश सभी संभागीय परिवहन कार्यालयों में भेज दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि न्यायालय में लंबित चालान की सूची प्राप्त कर ई चालान पोर्टल से इसे हटा दिया जाए। आदेश के मुताबिक, एक जनवरी 2017 से 31 दिसंबर 2021 की अवधि में काटे गए चालानों को निरस्त किया जा रहा है। परिवहन आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 2 जून 2023 के माध्यम से यह व्यवस्था लागू की गई है कि पुराने लंबित चालान निरस्त करा दिए जाएं। मालूम हो कि नोएडा में किसान इस तरह से चालान को निरस्त करने की मांग करते हुए धरना दे रहे थे। इससे पूरे उत्तर प्रदेश में करोड़ों लोगों के चालान माफ होने का रास्ता साफ हो गया है। वहीं, इस अवधि के बाद वाले वाहन चालकों को घबराने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे ऑनलाइन ट्रैफिक चालान भर सकते हैं। यूपी ट्रैफिक पुलिस आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पूरी जानकारी एकत्रित कर सकते हैं। इसके लिए सिर्फ गाड़ी का नंबर पता होना चाहिए। खास बात यह है कि गलत चालान पर आप यहीं से शिकायत भी कर सकते हैं। हालांकि, वाहन का चालान कटने पर मोबाइल नंबर पर भी मैसेज जाता है।




# प्रतिमा को लेकर रोनी हरजीपुर में घंटों चला बवाल

- सम्राट पृथ्वीराज चौहान के सेनापति धीर सिंह पुंडीर की प्रतिमा पर था विवाद
- सरकारी स्कूल में प्रतिमा की अनुमति ना दिए जाने पर हुई गर्मागर्मी
- प्रतिमा हटाने गई पुलिस का विरोध, मंत्री के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी
- डीएम और एसएसपी तमाम अधिकारियों व फोर्स के साथ पहुंचे
- इसके बाद प्रतिमा को स्कूल परिसर से हटवाकर दूसरी जगह रखवाया







**चरथावल (मुजफ्फरनगर)।** रोनी हरजीपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय नंबर एक के परिसर में सम्राट पृथ्वीराज चौहान के सेनापति धीर सिंह पुंडीर की प्रतिमा स्थापित करने के मामले को लेकर विवाद के बाद ग्रामीण धरना देकर बैठ गए। राजपूत समाज के लोगों ने भाजपा के नेताओं को गांव में ना घुसने देने की बात कहते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान के खिलाफ भी नारेबाजी की। मामले की सूचना पर डीएम और एसएसपी पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ गांव पहुंचे और देर रात प्रतिमा हटाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई और प्रतिमा को वहां से हटवा दिया गया।

चरथावल क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर गांव में सरकारी स्कूल में राजपूत समाज द्वारा बिना पूर्व अनुमति सम्राट पृथ्वीराज चौहान के सेनापति बाबा धीर सिंह पुंडीर की मूर्ति स्थापित करने को लेकर मामला गरमाने के बाद बवाल के हालात बन गए। स्कूल परिसर में पन्नी से ढकी इस प्रतिमा का 12 जून को अनावरण होना था। शुक्रवार को समग्र शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक रामेंद्र कुमार की ओर से बिना अनुमति लगाई गई प्रतिमा का हटवाकर थाने में मुकदमा कायम कराने की तहरीर दी। थाना प्रभारी राकेश शर्मा फोर्स लेकर गांव में पहुंच गए और जेसीबी से प्रतिमा हटवाने का प्रयास किया, लेकिन गांव के युवाओं ने विरोध शुरू कर दिया। स्वामी यशवीराश्रम भी वहां पहुंचे। किसान मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत, अंकुर राणा, ऋतिक मौके पर पहुंच गए। देर शाम तक मामले को लेकर विवाद बढ़ने के साथ ग्रामीण वहीं धरना देकर बैठ गए। विवाद बढ़ने की सूचना पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत और एसडीएम सदर परमानंद झा भी मौके पर पहुंचे और सहमति बनाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने भाजपा नेताओं पर भी अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री पास के एक गांव में हैं और कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। इस पर मंत्री के खिलाफ नारेबाजी भी हुई। विवाद के बीच किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि प्रतिमा लगाने को लेकर गांव में कोई जातीय तनाव नहीं है। उन्होंने प्रशासन पर बिना वजह मामले को तूल देने का आरोप लगाते हुए कहा कि धीर सिंह हमारे पूर्वज है, जो पृथ्वीराज के सेनापति थे। अगर स्कूल में अनुमति नहीं दी जाती है तो प्रतिमा को दूसरे स्थान पर लगाने के लिए प्रशासन को तीन दिन का समय देना चाहिए। इसके बाद प्रतिमा को वहां स्थापित करा दिया जाएगा। 12 जून को प्रतिमा अनावरण की तारीख तय है। उन्होंने डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी से फोन पर वार्ता की तो डीएम से बताया कि शासन के निर्देश के अनुपालन में किसी भी सरकारी अथवा सार्वजनिक स्थान पर कोई ढांचा नहीं बन सकता है। प्रतिमा ग्राम समाज की भूमि पर है और यह अवैधानिक है। विवाद बढ़ने की सूचना पर डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी तथा एसपी संजीव सुमन प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के बीच पहुंचे और काफी देर तक उन्हें समझाबुझाकर मामला शांत कराया। एसएसपी ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान सबके सम्माननीय हैं, लेकिन नियम विरुद्ध कार्य की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने समाज के लोगों से स्वयं यह प्रतिमा हटवा लेने को कहा। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें उस स्थिति में कोई आपत्ति नहीं होगी जब शासन इस पर अनुमति दे देगा। प्रशासन भी इसके लिए सहयोग करेगा। बाद में इस पर सहमति बनी कि उक्त प्रतिमा को वहां से हटा लिया जाएगा। राजपूत समाज ने रात में ही उक्त प्रतिमा को स्कूल परिसर से हटवाकर अलग रखवा दिया। समाज के लोगों ने कहा कि अब प्रतिमा की स्थापना के मामले पर समाज के लोग विचार कर आगे निर्णय लेंगे।

## पायल माहेश्वरी को गिरफ्तारी पर राहत से कोर्ट का इंकार

- अब पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए चलाया अभियान



**मुजफ्फरनगर, 9 जून (बु.)।** गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से गैंगस्टर संजीव जीवा की पत्नी पायल माहेश्वरी दायर याचिका पर राहत नहीं मिलने के बाद अब पायल माहेश्वरी की मुसीबत बढ़ सकती हैं। पुलिस ने नई मंडी कोतवाली में 21 मई 2021 को दर्ज मुकदमे में पायल माहेश्वरी सहित फरार तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी की कोशिश तेज कर दी हैं।

संजीव जीवा की लखनऊ कोर्ट में हत्या के बाद पायल माहेश्वरी ने गत दिवस सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की थी। पायल ने आशंका जताई थी कि उसकी हत्या की जा सकती है। आज इस मामले पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी को लेकर कोई राहत देने से इंकार कर दिया। इस बीच पायल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। गत दिवस भी पायल जीवा के अंतिम संस्कार में नहीं पहुंची थी। नई मंडी संजय मार्ग पटेल नगर निवासी कारोबारी मनीष गुप्ता ने 21 मई 2021 को नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर आरोप लगाया था कि लक्ष्मण विहार नई मंडी निवासी सुनील गोयल से उनके डेयरी प्लांट का सौदा वर्ष 2018 में चार करोड़ एक लाख में हुआ था। 11 जुलाई 2018 से डेयरी का संचालन किया। उसमें पटेल नगर निवासी सचिन अग्रवाल को साझेदार रखा। सचिन अग्रवाल ने कोई भुगतान न कर आधी साझेदारी का दबाव बनाया। नौ फरवरी 2019 को सचिन, अमित गोयल उर्फ अमित बौना व अमित माहेश्वरी घर आए। संजीव जीवा के नाम की धमकी दी। उनकी पत्नी के फोन करने पर पुलिस आई तो आरोपी फरार हो गए। बाद में मामला सुलझाने के नाम पर बुलाकर प्रवीण मित्तल पीटर के घर उसे बंधक बनाकर पीटा गया। हत्या की धमकी देकर 13 लाख देने को कहा। बाद में धमकी देकर उससे कूकड़ा स्थित 153 गज का प्लाट अमित माहेश्वरी की पत्नी अनुराधा के नाम बैनामा करा लिया। एक दुकान के कागजातों पर पीटर ने हस्ताक्षर करा लिए। क्रेटा गाडी की डाउन पेंमेंट के एवज में 4 लाख 46 हजार रुपये खाते में जमा करा लिए। सहारनपुर क्राइम ब्रांच ने इस मुकदमे की जांच के बाद चार्जशीट लगाई थी। इसके आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया। इस मामले में पटेल नगर नई मंडी निवासी सचिन अग्रवाल, शहर कोतवाली के मोहल्ला पंचमुखी निवासी प्रवीण मित्तल उर्फ पीटर, नई मंडी निवासी अमित माहेश्वरी, नई मंडी निवासी शुभम बंसल पकडे.गए जबकि नई मंडी निवासी शैंकी मित्तल ने कोर्ट में सरेंडर किया। नई मंडी निवासी अनुराधा माहेश्वरी पत्नी अमित माहेश्वरी, नई मंडी निवासी पायल माहेश्वरी और नई मंडी निवासी अमित गोयल उर्फ अमित बौना अभी फरार हैं। पुलिस इन आरोपियों की तलाश कर रही है।

# ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में मारी टक्कर, महिला की मौत, कई गम्भीर







- सत्संग से टैक्टर ट्रॉली में सवार होकर गांव लखान लौट रहे थे, सभी लोग।

**मुजफ्फरनगर, 9 जून (बु.)।** पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर तितावी क्षेत्र में आज हुए एक दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौत हो गयी जबकि दर्जनों गम्भीर रूप से घयल हो गये, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है, जिनका जिला चिकित्सालय में उपचार चल रह है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गयी और जाम लग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हुए लोगों को जिला चिकित्सालय में पहुंचाया, जहां चिक्त्सिकों ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया और गम्भीर घायलों को भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया गया। हादसा उस समय हुआ जब सत्संग से लौट रहे लोगों की ट्रैक्टर ट्रॉली में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।दरअसल पूरा मामला मुजफ्फरनगर जनपद के थाना तितावी क्षेत्र अंतर्गत पानीपत खटीमा राजमार्ग का बताया जा रहा है, जहां दोपहर को पानीपत खटीमा राजमार्ग पर उस समय भीषण सड़क हादसा हो गया, जब एक ही दिशा में सवारियों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि जहां मौके पर ही एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, तो वहीं दर्जनभर से ज्यादा महिला पुरुष भी घायल हो गए और उनमें चीख-पुकार मच गई। पानीपत खटीमा राजमार्ग पर हुए इस भीषण सड़क हादसे से आसपास से गुजर रहे राहगीरों सहित अन्य ग्रामीणों में भी हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई किसी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस के साथ ही अधिकारियों को भी दे दी जहां सूचना मिलते ही थाना तितावी पुलिस यूपी 112 डायल और एंबुलेंस के साथ मौके पर जा पहुंची, जहां पुलिस ने मृतका सहित अन्य सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया और मामले की तहकीकात में जुट गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक्टर ट्रॉली और ट्रक की भिड़ंत में ट्रैक्टर ट्राली में सवार कमलेश पत्नी अमर सिंह निवासी गांव लखांन थाना तितावी की जहां मौत हो गई, तो वहीं घायलो में उर्वशी पुत्री सुभाष (20), गुड्डी पत्नी बिट्टू (26), अत्री देवी पत्नी श्रीओम, गीता पत्नी दिनेश, शकुन्तला पत्नी मेहरदास व जगदीश पुत्र कुन्डा का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

## योग दिवस की तैयारी में जुटे कपिलदेव अग्रवाल




**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी योग प्रशिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की तैयारी के लिए कल 10जून को 12 बजे जिला पंचायत सभागार में आमंत्रित किया है। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल के आग्रह पर जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर ने आयुष विभाग के माध्यम से इस बैठक को आयोजित किया है जिसमें ऐसे सभी सामाजिक, धार्मिक संस्थाएं, क्लब, कॉलेज, योगा टीचर्स को आमंत्रित किया गया है जो 21 जून के कार्यक्रम में अपना भरपूर योगदान देकर इसे यादगार बना सकें।

## बसपा नेता के ग्रुप समेत दो अवैध कॉलोनियों पर गरजा बुलडोजर



**मुजफ्फरनगर, 9 जून (बु.)।** शहर के आसपास बिना नक्शा पास कराए विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण का अभियान आज भी जारी रही। एमडीए की टीम ने शुक्रवार को रुड़की रोड स्थित दो स्थानों पर बसपा नेता जिया उर्रहमान सहित चार लोगों की जमीनों पर कार्रवाई करते हुए 29 बीघा भूमि से अतिक्रमण हटवाया। अतिक्रमण हटवाने के साथ वहां किए गए अवैध निर्माण पर भी बुलडोजर चलाकर उसे ध्वसत कर दिया गया। नगर के आसपास विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के सचिव आदित्य प्रजापति के नेतृत्व में एक टीम शुक्रवार की दोपहर सिविल लाइन क्षेत्र के रुड़की रोड पर पहुंची। वहां टीम ने पुलिस बल के साथ मलिक इंजीनियर्स फैक्ट्री के सामने राजयोग फार्म के पास लगभग 15 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग कार्य पर कार्रवाई की। इस जमीन पर मेहराजुद्दीन द्वारा अनाधिकृत रूप से प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध प्लाटिंग करा रहे थे, जिसे शुक्रवार को ध्वस्त कराया गया। इसके बाद एमडीए की टीम रुड़की रोड पर ही स्थित कृष्णा पैलेस के सामने बने औद्योगिक क्षेत्र में पहुंची। वहां 14 बीघा भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग कार्य मिला। इसमें बसपा नेता जिया उर्रहमान, अजीज उर्रहमान और अताउर्रहमान आदि अनाधिकृत से प्लाट काटकर बेच रहे थे। प्राधिकरण की टीम ने अवैध कालोनी में काटे गए प्लॉट की नीव ध्वस्त करने के साथ वहां हुए निर्माण कार्य पर बुलडोजर चला दिया। एमडीए सचिव आदित्य प्रजापति ने बताया कि अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने से पूर्व इन्हें नोटिस दिए गए थे। कोई संज्ञान ना लिए जाने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। दोनों स्थानों पर करीब 29 बीघा भूमि पर ध्वस्तीकरण का कार्य किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में सहायक अभियंता भरत पाल, अवर अभियंता जयकरन सिंह आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि चिह्नित अवैध कॉलोनियों के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि बिना नक्शा पास कराए अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों में प्लॉट आदि ना लें। इससे होने वाले नुकसान के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

दिल्ली एवं लखनऊ के मशहूर न्यूरो सर्जन
द्वारा आपके शहर मुजफ्फरनगर में
ओपीडी - प्रत्येक रविवार
प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
इन रोगों के लिए सुविधा उपलब्ध है :-
दिमाग का कैंसर
सिर की चोट
लकवा
मिर्गी के दौरे
सिरदर्द, माइग्रेन
याददाश्त की कमी
कमर दर्द
चक्कर आना


हाथ-पैरों में नसों की समस्या एवं दिमाग व रीढ़ की हड्डी के समस्त रोगों के लिए सम्पर्क करें।
डॉ. दिनेश सिंह
MBBS, MS, MCh
Neurosurgeon
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें :-
9412210556, 8010021072
बच्चों में मानसिक सामान्य विकास में कमी, सीखने की क्षमता
CEREBRAL PALSY, AUTISM, ADHD आदि समस्याओं का ईलाज।
पता :-
बंसल नर्सिंग होम
37/3, सिविल लाइन, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर

